कोटद्वार,बुधवार
20 दिसम्बर 2023
वर्ष: 45
अंक: 228 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## कोरोना जेएन 1 वेरिएंट की देश में दस्तक के बाद उत्तराखंड में भी अलर्ट जारी

देहरादून। देश में कोरोना जेएन 1 वेरिएंट की दस्तक के बाद उत्तराखंड में भी अलर्ट जारी किया गया गया है। सभी अस्पतालों में आने वाले सांस, फेफड़े और हृदय रोगियों की निगरानी होगी। इसके साथ ही इंफ्लूएंजा मरीजों की कोविड जांच के साथ ही सर्विलांस के भी निर्देश दिए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना के नए स्वरूप को लेकर सभी राज्यों को अलर्ट किया था। जिसके बाद मंगलवार को उत्तराखंड सरकार ने भी इस संदर्भ में एडवायजरी जारी की है।

सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार की ओर से सभी जिलों के डीएम व सीएमओ को कोरोना को लेकर सतर्कता बरतने और अस्पतालों को तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

विदित है कि दो साल पहले कोरोना ने देश के साथ ही राज्य में विकराल रूप धारण कर लिया था। जिससे बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हो गए थे। ऐसे में एक बार फिर कोरोना के एक नए वैरिएंट की दस्तक से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ रही है।

सचिव स्वास्थ्य की ओर से जारी एडवायजरी में राज्य के सभी अस्पतालों को कोविड प्रबंधन के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ

### खेल महाकुंभ के विजेता खिलाड़ियों को मिलेगी स्पोर्ट्स किट

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर, देहरादून में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ किया।



राज्य के सभी जनपदों से राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में प्रतिभाग करने आये खिलाड़ियों के बीच जाकर मुख्यमंत्री ने उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट प्रदान की जाएगी। राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के शुभारंभ के अवसर पर बालक वर्ग की 800 मीटर दौड़ स्पर्धा के प्रथम तीन स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री ने पुरस्कृत भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। खेल टीम वर्क से कार्य करने का अवसर प्रदान करते हैं। राज्य स्तर पर आयोजित होने वाला यह खेल महाकुंभ उत्तराखण्ड के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है। पंचायत स्तर, ब्लॉक स्तर और जिला स्तर पर खेलने के बाद खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर इस खेल महाकुंभ में अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। खेल महाकुंभ का उद्देश्य प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की बड़ी खेल प्रतियोगिताओं के लिए भी तैयार करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में होने वाले आगामी 38वें राष्ट्रीय खेल, उत्तराखंड की खेल प्रतिभाओं के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए विभिन्न अवस्थापना सुविधाएं तैयार करना प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय खेल सचिवालय का गठन किया गया है, जिससे इन खेलों का संचालन बेहतर रूप से किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में भी गांव से लेकर शहर तक के युवा खिलाड़ियों के लिए अभिनव प्रयोग किये जा रहे हैं। हरिद्वार बने फ्लाईओवर के नीचे खाली पड़ी जगह का प्रयोग कर वहां बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट, ओपन जिम बनाये जा रहे हैं। सरकार युवा खिलाड़ियों के लिए नौकरियों में खेल कोटे को भी पुनः प्रारंभ करने के लिए प्रयासरत है। राज्य सरकार प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीधे सरकारी नौकरी भी देने जा रही है।

IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
Institute of Hospitality, Management & Sciences
"Journey Towards Excellence"
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Sri Dev Suman Uttarakhand University, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University (A Central University)
Approved By: All India Council of Technical Education (AICTE), Government of Uttarakhand and Ministry of Education
Admissions Open 2024-25
LIMITED SEATS
CHM
(CERTIFICATE IN HOTEL MANAGEMENT)
WINTER BATCH
Admissions Start For (January 2024)
JOB OPPORTUNITIES
RAMADA | The Fern | Crowne Plaza | Jaypee Hotels & Resorts | Country Inn & Suites | Courtyard Marriott Ahmedabad | Sayaji | Welcomhotel | Pride Hotels | Hyatt | Taj Hotels & Resorts | Marriott Hotels & Resorts | Raffles
PROGRAMMES AVAILABLE
M.B.A. 2 Years
M.C.A 2 Years
B.H.M. 4 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
B.Sc. IT 3 Years
C.H.M. 1 Year
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# सीएम ने किया कैंटीन का शुभारंभ



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय परिसर में गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा स्थापित कैंटीन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जी.एम.वी.एन. द्वारा प्रकाशित कॉफी टेबल बुक ''दि होली गंगा'' का भी विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सचिवालय परिसर में जी.एम.वी.एन. की कैंटीन खुलने से सचिवालय कार्मिकों के साथ प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से सचिवालय आने वाले आगंतुकों को भी जलपान व भोजन आदि की अच्छी सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने जी.एम.वी.एन. को कैंटीन के माध्यम से लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जी.एम.वी.एन. के प्रबंध निदेशक विनोद गिरी गोस्वामी ने मुख्यमंत्री को जी.एम.वी.एन. द्वारा संचालित कार्यकलापों की जानकारी दी।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी सहित जी.एम.वी.एन. के अधिकारी उपस्थित थे।




## सीएम ने किया वॉल पेंटिंग का अवलोकन

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय स्थित ए.पी.जे. अब्दुल कलाम भवन के भूतल पर लगायी गयी वॉल पेंटिंग का अवलोकन किया। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बाल देख रेख संस्था के बच्चों द्वारा तैयार की पेंटिंगों की मुख्यमंत्री ने प्रशंसा करते हुए संस्था के बच्चों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन पेंटिंग में प्रकृति के सौंदर्य के प्रति बालमन की कल्पनाओं के सजीव दर्शन होते हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी भी उपस्थित थी।

## एक नजर

### छात्रों की मांग पर संस्कृत विवि ने बढ़ाई परीक्षा फार्म जमा करने की तिथि

हरिद्वार। उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय ने छात्रों की मांग पर परीक्षा फार्म जमा करने की तिथि बढ़ा दी है। परीक्षा फार्म 23 दिसंबर तक जमा हो सकते हैं। इसके बाद लेट फीस के फार्म जमा होंगे। विश्वविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष निर्मल थुवाल के नेतृत्व में छात्रों ने पांच दिन पहले कुलसचिव को ज्ञापन देकर परीक्षा फार्म जमा करने की तिथि बढ़ाए जाने की मांग की थी। ज्ञापन में बताया गया था कि अलग–अलग कारणों से कुछ छात्र परीक्षा फार्म जमा नहीं कर पाए हैं। कुलसचिव गिरीश कुमार अवस्थी ने बताया कि परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 23 दिसंबर कर दी गई है। इसके बाद नियमानुसार लेट फीस के साथ ही साथ फार्म जमा कराए जाएंगे।

### बिहार में हुई मैराथन में उत्तराखंड के राणा ने मारी बाजी

देहरादून। बिहार में हुई मैराथन में उत्तराखंड के मुकेश राणा ने पहला स्थान हासिल किया है। नुथवावाला निवासी मुकेश राणा उत्तराखंड परिवहन निगम में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि मैराथन का आयोजन बिहार सरकार की ओर से किया गया, इसके माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया गया। मैराथन में उन्होंने 50 से 60 वर्ष आयुवर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया है। 42.097 किमी की दूरी तीन घंटे 26 मिनट 20 सेकेंड में पूरी की है। इस मैराथन में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ ही मुकेश राणा ने बोसटन मैराथन 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है, उनकी इस उपलब्धि ने उत्तराखंड और उत्तराखंड परिवहन निगम का गौरव बढ़ाया है।

### गायत्री परिवार का 11 कुंडीय यज्ञ 21 से होगा शुरू

देहरादून। अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण का आयोजन किया जाएगा। आयोजन जोगीवाला के रिंग रोड स्थित स्काई गार्डन में 21 से 24 दिसंबर तक चलेगा। प्रज्ञा मंडल जोगीवाला के मीडिया प्रभारी विनोद काला, एमएल जोशी ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में प्रज्ञा मंडल यह आयोजन कर रहा है। 21 दिसंबर को प्रातः कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो सुबह नौ बजे शुरू होगी, विभिन्न क्षेत्रों से होकर तीन बजे आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। 22 को 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ ही संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा होगी। 23 को 11 कुंडीय यज्ञ के बाद विराट दीप यज्ञ और प्रज्ञा पुराण कथा होगी। जबकि 24 को महा पूर्णाहुति के बाद प्रसाद वितरण होगा। कहा कि गायत्री परिवार का उद्देश्य मनुष्य में देवत्व का उदय करना है,

## मोदी सरकार ने विभिन्न वर्गों की मदद की: कौशिक

हरिद्वार। नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने गरीबों, किसानों, छोटे व्यापारियों और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद की है। एक छत के नीचे आमजन को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यह बातें उन्होंने टिबड़ी स्थित आंबेडकर पार्क में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कही।

कौशिक ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक विकास का लाभ कुछ बड़े शहरों तक सीमित था। लेकिन उनकी सरकार छोटे शहरों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है और इससे विकसित भारत की नींव मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि जहां बाकि सभी राजनैतिक दलों और सरकारों से लोगों की उम्मीदें खत्म हो जाती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। भारत को एक विकसित देश बनाने के मोदी के संकल्प के केंद्र में छोटे शहरों का विकास है।



जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचे और अंत्योदय से सर्वोदय की परिकल्पना धरातल पर उतरे इस उद्देश्य से मोदी की गारंटी की गाड़ी हरिद्वार की गली–गली में घूम रही है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अनु कक्कड़ ने कहा कि जिस देश का प्रधानमंत्री 140 करोड़ देशवासियों की सतत चिंता करता हो उसे देश का भविष्य उज्ज्वल है और जल्द ही भारत विकसित देशों की श्रेणी में अग्रणी होगा ऐसा उन्हें विश्वास है।

## मध्यप्रदेश के किशोर को बंधक बनाकर अर्द्धनग्नवस्था में पीटा

हरिद्वार। हरकी पैड़ी क्षेत्र में मध्यप्रदेश के एक किशोर को बंधक बनाकर अर्धनग्न कर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित किशोर के परिचित की शिकायत पर शहर कोतवाली पुलिस ने एक लॉज स्वामी महिला, मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आगे की कार्रवाई की जा रही है। मध्यप्रदेश के सिमरिया क्षेत्र का 17 वर्षीय किशोर हरिद्वार घूमने आया था। सुभाष घाट पर बने श्रीराम लॉज में किशोर ठहरा था। आरोप है कि लॉज स्वामिनी जया अग्रवाल, उसके मैनेजर संदीप उर्फ सानू ने किशोर पर मोबाइल फोन चोरी करने का आरोप लगाते हुए कमरे में बंधक बना लिया। आरोप है कि उसे बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा गया, जिसके बाद उसके कपड़े भी उतार दिए गए। सूचना पर पहुंची हरकी पैड़ी चौकी पुलिस ने किशोर को बंधक मुक्त कराया।

# मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने की प्रदेश में ठोस कूड़ा प्रबंधन के तहत कार्यों की प्रगति की समीक्षा

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में प्रदेश में ठोस कूड़ा प्रबंधन के तहत् कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि ठोस कूड़ा के 100 प्रतिशत निस्तारण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण, सोर्स सेग्रीगेशन एवं डस्टबिन फ्री सिटी की दिशा में कार्य किया जाए।मुख्य सचिव ने अगले 15 दिनों में प्रदेश में विश्वस्तरीय ठोस कूड़ा प्रबंधन प्रणाली विकसित हेतु एक आदर्श प्लान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। कहा कि विभिन्न योजनाओं से योजना पर कार्य करने के बाद




गैप फंडिंग के लिये स्टेट बजट से प्राविधान किया जाएगा। मुख्य सचिव ने प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों से लेगेसी वेस्ट को भी शीघ्र हटाए जाने के निर्देश दिए। कहा कि लेगेसी वेस्ट हटाए जाने के बाद ख़ाली पड़ी भूमि का अधिकतम उपयोग हो सके इसके लिए स्थानीय आवश्यकताओं एवं परिस्थितियों के अनुरूप भूमि उपयोग की योजना तैयार की जाए। मुख्य सचिव ने प्रदेशभर को अगले 15 दिनों में डस्टबिन फ्री किए जाने के भी निर्देश दिये। कहा कि 100 प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा उठान तभी संभव होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए कूड़ा उठाने वाले वाहनों की जितनी भी आवश्यकता होगी उसके लिए बजट उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही मैन पावर भी बधाई जाए। उन्होंने लोगों में जागरूकता के लिए भी योजना संचालित किए जाने के निर्देश दिये। कहा कि जहां पर लोगों द्वारा कूड़ा अक्सर फेंका जाता रहा है, उन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

## राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया छावनी परिषद, देहरादून की दून स्वच्छता संगोष्ठी रिपोर्ट–2023 का अनावरण



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन में छावनी परिषद, देहरादून की ह्दून स्वच्छता संगोष्ठी रिपोर्ट–2023ह्व का अनावरण किया। यह रिपोर्ट देहरादून छावनी परिषद द्वारा आयोजित प्रथम स्वच्छता चौपाल पर आधारित है। फरवरी माह में आयोजित इस संगोष्ठी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य कर रही देशभर की 51 कंपनियों, स्टार्टअप और स्वयं सहायता समूहों ने प्रतिभाग कर अपशिष्ट प्रबंधन में अपने उत्पादों और प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया था। इस रिपोर्ट में उत्तराखंड में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता प्रौद्योगिकी और विकल्पः अवसर व चुनौतियां और स्वच्छता स्टार्टअप व इनोवेशन का उभरता हुआ परिदृश्य आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया है। साथ ही संगोष्ठी में आयोजित परिचर्चाओं को भी सम्मिलित किया गया है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि यह एक सराहनीय पहल है और इस डॉक्यूमेंट को सभी निकायों और जनप्रतिनिधियों को प्रेषित किया जाय।

## मूल निवास 1950 को लागू करे सरकारःउक्रांद

देहरादून। उत्तराखंड में मूल निवास की व्यवस्था को सख्ती से लागू करने को उक्रांद ने केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्ताव पास कर दिया है। पार्टी ने राज्य में मूल निवास की व्यवस्था को लागू करने पर जोर दिया। केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दूसरे दिन केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने कहा कि राज्य के मूल निवासियो की पहचान बचाए रखने को मूल निवास की व्यवस्था को लागू करना बहुत जरूरी हो गया है। ऐसा न हुआ, तो एक दिन पहाड़ के लोग अपनी मूल पहचान ही खो देंगे। जिस तरह राज्य के संसाधनों पर बाहरी लोगों का कब्जा होता जा रहा है, वो इस राज्य के भविष्य के लिए बहुत बेहतर संकेत नहीं हैं। कहा कि सरकार मूल निवास के लिए भी वर्ष 1950 को आधार बनाए।

## महंगाई भत्ता देने की उठाई मांग

कोटद्वार : पनियाली स्थित वन विभाग लैंसडौन वन प्रभाग के आरण्य सभागार में वन अधिकारी कर्मचारी कल्याण समिति शाखा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कर्मचारी व अधिकारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान सरकार से जल्द महंगाई भत्ता देने की मांग उठाई गई।

बैठक की अध्यक्षता अनिल कुकरेती ने की। बैठक में वर्ष 2022-23 का आय व्यय का व्यौरा रखा गया। निर्णय लिया गया कि प्रतिमाह द्वितीय रविवार को बैठक की जाएगी। बैठक में कोराना काल में 18 माह का महंगाई भत्ता जारी नहीं होने पर रोष व्यक्त किया गया। समिति के अध्यक्ष आरपी पंत ने कहा कि इस संबंध में जल्द ही शासन से भी वर्ता की जाएगी। इस मौके पर एआर खान, केसी राम निराला, चंद्रकिशोर असवाल, उमानंद बड़ोला, रामकृष्ण बुडाकोटी, आरपी जोशी, धनीराम, गणेश डोभाल, दिनेश चंद्र, नत्थू सिंह, रेखा आदि मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव में दिखी सांस्कृतिक छटा

## धूमधाम से मनाया गया आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन का वार्षिकोत्सव

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ समाप्त हो गया है। इस दौरान बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सुरजन आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष ब्रिगेडियर वीएम चौधरी और फैमिली वेलफेयर आर्गेनाइजेशन की अध्यक्ष तृप्ति चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शीर्षक अनसंग हीरोज ऑफ गढ़वाल था। जिसमें विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित राइफलमैन गब्बर सिंह की शौर्य गाथा, विक्टोरिया क्रॉस के नायक दरबान सिंह नेगी के अभूतपूर्व साहस, महावीर चक्र राइफल मैन जसवंत सिंह रावत के बलिदान और अशोक चक्र नायक भवानी दत्त जोशी के शौर्य व बलिदान की कहानियों को नृत्य नाटिका द्वारा दर्शाया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत कक्षा एक और दो के छात्र-छात्राओं द्वारा फिर भी दिल है हिंदुस्तानी गाने और तीसरी, चौथी और पांचवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा गढ़वाली गीत ओटुआ बेलेणा पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। वहीं कक्षा छह से बारहवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा गढ़वाली नृत्य ता छुमा और मंडाण, तेरी मिट्टी में मिल जावा, नैना अश्क न हो व छल्ला गीतों पर नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।


आयोजित वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देते विद्यार्थी

विभिन्न गतिविधियों में प्रथम पुरस्कार की ट्रॉफी शिवाजी सदन को और द्वितीय पुरस्कार की ट्रॉफी सुभाष सदन को प्रदान की गई। प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। इस दौरान जीआरआरसी द्वारा प्रदत्त 25,000 की वार्षिक स्कॉलरशिप बोर्ड परीक्षा में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रदान की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभावकों सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महिला मंगल दलों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : विकासखंड दुगड्डा में आयोजित कार्यक्रम में महिला मंगल दलों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बेहतर कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

युवा कल्याण विभाग की ओर से विकासखंड दुगड्डा के मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने महिला मंगल दलों को स्वरोजगार को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि आज पहाड़ की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। ग्रामीण महिलाएं संघर्षशील व कर्मठ होने के साथ-साथ कलाओं की भी धनी हैं। पशुओं की देखभाल, जंगल से घास-लकड़ी लाने के साथ-साथ वह अपने परिवार का बेहतर पालन-पोषण भी कर रही है। कार्यक्रम में महिलाओं ने लोकनृत्य के साथ ही सांस्कृतिक परंपराओं पर आधारित कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करनी वाली महिलाओं की टीमों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी जयकृत सिंह बिष्ट, ज्येष्ठ उप प्रमुख अजयपाल रावत, अशोक रावत, युवा कल्याण अधिकारी सचिन कश्यप, धर्मेंद्र चौहान, कुंदन सिंह, दीपिका रावत, रवींद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


विकासखंड दुगड्डा में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं

# बेहतर भविष्य के लिए आत्मनिर्भर बने विद्यार्थी


आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र स्थित पीएम श्री शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कण्वघाटी में पीएम श्री कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के मार्गदर्शन हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्य पुष्पा धस्माना ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को भविष्य में अपना व्यवसाय चुनने के लिए प्रेरित करना है, जिससे वह आत्मनिर्भर बन सके। आभा डबराल ने छात्राओं को भीमल और रामबांस के विभिन्न उत्पादों को बनाकर स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रभा देवी ने छात्राओं को जूट के बैग बनाने के तरीके समझाए। मौके पर कार्यक्रम संयोजिका वीना शर्मा, सुमनलता, शिवेत्री सिंह, ऋतु थपलियाल और डा. मंजू कपरवाण आदि मौजूद रहे।

## इंटर कॉलेज के दीपक का राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में चयन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नगर निगम के अंतर्गत राइंका कोटद्वार में कक्षा 9 में अध्ययनरत छात्र दीपक का चयन 40 किलोग्राम भार वर्ग में राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रधानाचार्य डा. पद्मेश बुड़ाकोटी ने बताया कि दीपक ने 23 से 27 अक्तूबर तक पिथौरागढ़ में संपन्न राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपक अब 23 से 29 दिसंबर तक महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने जाएगा। दीपक की इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरव का विषय बताते हुए समस्त विद्यालय परिवार ने दीपक को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।


राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार का छात्र दीपक

## अनूप बहुगुणा को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर गढ़वाल** : वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं पूर्व सभासद अनूप बहुगुणा के पिता बुद्धिबल्लभ बहुगुणा के आकस्मिक निधन पर बार एसोसिएशन ने शोक व्यक्त किया। इस मौके पर बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के सदस्य अर्जुन सिंह भंडारी एवं बार एसोसिएशन श्रीनगर के संरक्षक अनूप श्री पांथरी ने कहा कि विद्वान व्यास एवं सामाजिक कार्यकर्ता बुद्धि बल्लभ बहुगुणा को सामाजिक एवं परोपकार के कार्यों के लिए हमेशा याद रखा जाएगा। शोक व्यक्त करने वालों में बार एसो. के अध्यक्ष प्रमेश चन्द्र जोशी, सचिव ब्रह्मानन्द भट्ट, पूर्व अध्यक्ष दीपक भंडारी, पूर्व सचिव विकास पंत, कोषाध्यक्ष सुबोध भट्ट, उपाध्यक्ष जगजीत सिंह जयाड़ा, ओमप्रकाश मैठाणी, देवी प्रसाद खरे आदि शामिल थे। (एजेंसी)

# सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : भारतीय जनता पार्टी के सह प्रभारी डा. जयपाल चौहान ने कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए उनसे सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने की अपील की। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में एक बार फिर केंद्र में भाजपा सरकार बने इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।

**भारतीय जनता पार्टी के सह प्रभारी डा. जयपाल चौहान ने ली बैठक**

मंगलवार को भाजपा कार्यालय में बैठक को संबोधित करते हुए डा. जयपाल चौहान ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार जन हित में कार्य कर रही है। आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर आमजन को योजनाओं की जानकारी देनी चाहिए। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य संगठन को धरातल पर मजबूत करना है। इसके लिए प्रतिदिन युवाओं को संगठन से जोड़ा जा रहा है। कहा कि आगामी 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाए। इसके तहत प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर जिला महामंत्री नवनीत राजपूत, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, जंगबहादुर सिंह रवत, राकेश देवरानी, विनोद रावत, शांतनु रावत, अनिल रावत, सुरेंद्र सिंह आर्य, नूरुद्दीन, विजय पोखरियाल, गजेंद्र सिंह, ऋषि कंडवाल, जगमोहन सिंह रावत, अनीता आर्य, सुलेखा गौड़, गोविंद सिंह बिष्ट, शशि कुमार ध्यानी, मनोज पांथरी, पंकज भाटिया आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार में आयोजित बैठक को संबोधित करते भाजपा पदाधिकारी

# लोकसभा चुनाव की तैयारियां समय से पूरी करें : आयुक्त

## आयुक्त गढ़वाल ने जिला निर्वाचन कार्यालय का किया निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के दृष्टिगत आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय ने जिला मुख्यालय स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

मंगलवार को आयुक्त गढ़वाल ने जिला मुख्यालय स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण कर आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने 14500 से अधिक नये मतदाताओं को निर्वाचक नामावली में शामिल किये जाने को लेकर जिला प्रशासन कार्यों की सराहना की। साथ ही उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिये कि मतदान केन्द्रों पर बुनियादी सुविधाओं पेयजल, विद्युत, शौचालय व दिव्यांगजनों हेतु रैम्प की व्यवस्था को समय से पूरा करने के लिए अलग-अलग विभागों को दायित्व का आवंटन करना सुनिश्चित करें, ताकि बुनियादी सुविधाऐं को समय पर जुटाया जा सके। इसके अलावा उन्होंने पोलिंग पार्टियों के लिए प्रयाप्त वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने, कार्मिकों का डेटाबेस तैयार करने, दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने के लिए आवश्यक तैयारियां करने को लेकर दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने जनपद के सभी मतदान केन्द्रों के लिए पोलिंग पार्टियों की रिसिविंग एक ही जगह जीबी पंत प्रद्यौगिकी कालेज घुड़दौड़ी से किये जाने सम्बंधी लिये गये निर्णय की भी सराहना की। कहा कि पोलिंग पार्टियों का रिसिविंग स्थल एक ही जगह पर होने से हर तरीके से लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियां समयानुसार चल रही है। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से सम्बंधी अब तक की तैयारियों से आयुक्त गढ़वाल को अवगत कराया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र अधिकारी सहित अन्य कार्मिक भी उपस्थित थे।



आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण करते हुए।

### गढ़वाल आयुक्त ने किया जिला कोषागार का निरीक्षण

**पौड़ी :** आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय ने जिला मुख्यालय स्थित जिला कोषागार के डबल लॉक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दस्तावेजों, पंजिकाओं का अवलोकन किया। उन्होंने डबल लॉक का निरीक्षण करते हुए मुख्य कोषाधिकारी को पंजिकाओं का बेहतर तरीके से रख-रखाव करने को कहा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चन्द सहित अन्य कार्मिक भी उपस्थित थे।

# आईएचएमएस की बेहतर परीक्षा व्यवस्थाओं से प्रभावित हुए रजिस्ट्रार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी मैनजमैंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) में आयोजित प्रथम वर्ष की परीक्षा का श्रीदेव सुमन विश्वविद्याल के रजिस्ट्रार डॉ. खेम राज भट्ट ने औचक निरीक्षण किया।

मंगलवार सुबह श्रीदेव सुमन विश्वविद्याल के रजिस्ट्रार डॉ. खेम राज भट्ट बीसीए, बीबीए, बीएससी-आईटी और बीएचएम के प्रथम वर्ष की परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं के बीच पहुंच गए। उन्होंने छात्रों से उत्तर पुस्तिका पर लिखे गए जवाब के बारे में जानकारी ली। साथ ही संस्थान के परीक्षा प्रभारी से परीक्षा की तैयारियों को लेकर पूरी जानकारी मांगी। करीब एक घंटे की निरीक्षण के बाद उन्होंने परीक्षा प्रबंधन में किसी प्रकार की कमी नहीं पाई। उन्होंने संस्थान की ओर से की गई परीक्षा की तैयारियों और बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने के लिए संस्थान प्रबंधन की प्रशंसा की। कहा कि संस्थान की ओर से परीक्षा के नियमों और विश्वविद्यालय के नियमों का भली भांति पालन किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्थान के एमडी बीएस नेगी, ईडी अजय राज नेगी, डायरेक्टर एडमिन ले. कर्नल बीएस गुसाई, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. सुनील कुमार मौजूद रहे।

**श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने किया संस्थान की परीक्षा कक्षों का औचक निरीक्षण**



परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते श्रीदेव सुमन विश्वविद्याल के रजिस्ट्रार डॉ. खेम सिंह भट्ट

### कोटद्वार में जल्द हो मेडिकल कॉलेज का निर्माण

**कोटद्वार :** आश्वासन के बाद भी कोटद्वार में मेडिकल कॉलेज निर्माण नहीं होने पर नागरिक मंच ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि सरकार कोटद्वार के बेहतर विकास को लेकर सरकार को गंभीरता से कार्य करना होगा।

इस संबंध में नागरिक मंच के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र नैथानी व अतुल भट्ट ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को ज्ञापन दिया। कहा कि कोटद्वार में मेडिकल कालेज निर्माण के लिए पूर्व में 25 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए गए थे। 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी मेडिकल कालेज निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूर्व करने का आश्वासन दिया था। लेकिन, अब तक धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। कहा कि जनता लगातार मेडिकल कालेज निर्माण की मांग उठा रही है। ऐसे में सरकार को मेडिकल कालेज निर्माण के लिए गंभीरता दिखानी चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने समिति को इस संबंध में शासन के सचिव से वार्ता करने का आश्वासन दिया है। वहीं, मंच ने नदियों में हो रहे अवैध खनन पर भी रोष व्यक्त किया। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष ने उपजिलाधिकारी को नदियों में अवैध खनन रोकने के सख्त निर्देश दिए।

# लोकगीत प्रतियोगिता में भलगांव डाडामंडी की टीम रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** विकासखंड द्वारीखाल में आयोजित युवा महोत्सव में सांस्कृतिक छटा देखने को मिली। इस दौरान लोकगीत प्रतियोगिता में भलगांव डाडामंडी की टीम प्रथम स्थान पर रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख महेंद्र राणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विकासखंड के विभिन्न गांव से पहुंची 62 महिला मंगल दलों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। ब्लाक प्रमुख महेंद्र राणा ने कहा कि महोत्सव का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आगे बढ़ाना है। इस तरह के कार्यक्रमों से ग्रामीण महिलाओं को एक बेहतर मंच मिलता है। उन्होंने सभी महिला मंगल दलों को एक-एक हजार रुपये की सम्मान राशि देने की भी घोषणा की। इस दौरान लोकगीत प्रतियोगिता में महिला मंगल दल भलगांव (डाडामंडी) ने प्रथम, बिरमोली ने द्वितीय व बल्ली ने तृतीय स्थान पाया। लोकनृत्य में रिंगवाडगांव प्रथम, ग्वीनबड़ा ने द्वितीय व बल्ली ने तृतीय स्थान पाया। एकांकी नाटक में रिंगवाडगांव प्रथम, ग्वीनबड़ा द्वितीय व लंगूर की टीम तृतीय रही। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी विद्यादत्त रतूड़ी, सहायक खंड विकास अधिकारी राजीव ध्यानी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी संजय बिष्ट, सहायक विकास अधिकारी जयदीप सिह रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजमोहन सिह नेगी, भारत सिह रावत, प्रदीप कुकरेती, ममता देवी, विनीता देवी आदि मौजूद रहे। संचालन ग्राम विकास अधिकारी सतीश चंद्र शर्मा ने किया।



: प्रखंड द्वारीखाल के अंतर्गत ब्लाक मुख्यालय में आयोजित युवा महोत्सव का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते ब्लाक प्रमुख

# आदर्श आचार संहिता से पूर्व सभी विभाग कार्यों को पूर्ण करें : सुमन

## आवारा पशुओं पर लगाम लगाएं, गौशाला संचालक और स्थानीय निकाय की जिम्मेदारी तय की जाय

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** सशक्त उत्तराखण्ड /25 के दृष्टिगत की अवधारणा को प्रभावी बनाये जाने हेतु जनपद के विकास कार्यों के संबंध में सचिव उत्तराखण्ड शासन विनोद कुमार सुमन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सचिव ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभाग डीपीआर बनाते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि मात्र इन्फ्रास्ट्रक्चर (ढांचा) खड़ा करने में धनराशि खर्च न की जाय, बल्कि ये देखा कि उस प्रस्ताव से वास्तव में कितनी आबादी को और स्थानीय स्तर पर कितना आउटकम प्राप्त हो रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव बनायें।

बैठक में सचिव ने जनपद में किये जा रहे विकास कार्यों, निर्माण कार्यों, केन्द्र पोषित राज्य पोषित एवं बाह्य पोषित योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन, उनकी प्रगति और जनमानस को मिल रहे लाभ के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि आगामी आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों को तथा उसकी समस्त औपचारिकताओं को समय से पूर्ण करें। कहा कि विकास कार्यों की गति में तेजी लायें। उन्होंने सभी निर्माणदायी विभागों और संस्थाओं को निर्माण कार्यों से संबंधित डीपीआर निर्माण, टेण्डरिंग प्रक्रिया इत्यादि को समय से पूर्ण करनें को कहा। सड़कों पर आवारा पशुधन पर नियंत्रण लगाने के लिए उन्होंने संबंधित पशुपालक, नगर निगम, गौशाला संचालकों और पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि संयुक्त प्रयासों से आवारा पशुधन पर पूरी तरह लगाम लगाएं।

सचिव ने विद्यालयों में बच्चों के मिड-डे मील की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए सभी अधिकारियों को समय-समय पर विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण करने तथा बनाये गये भोजन की गुणवत्ता चैक करने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि भोजन की गुणवत्ता में यदि सुधार किया जाना अपेक्षित हो तो तद्नुसार सिफाशि करें। उन्होंने सरकार की ध्वज वाहक योजनाओं का सामान्य जनमानस को समुचित लाभ प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने खाद्य आपूर्ति विभाग को पात्र लोगों को खाद्यान्न की पर्याप्त आपूर्ति बनाये रखने तथा ऐसे सम्पन्न लोग जो राशन कार्ड के पात्र नही हैं फिर भी यदि उनके राशन कार्ड बने हुए हैं तो उनका बारीकी से भौतिक सत्यापन करते हुए कार्ड निरस्त करें तथा अन्य पात्र व्यक्ति को उस कार्ड का नम्बर हस्तांतरित करें।

बैठक में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, जिला विकास अधिकारी मनविन्द्र कौर, सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार, अधीक्षण अभियंता लोनिवि पीएस बृजवाल, अधीक्षण अभियंता मो. मिसम, महा प्रबंधक उद्योग शैलेन्द्र डिमरी, सीटीओ गिरीश चन्द्र, डीएसओ केएस कोहली, ज्वांइट मजिस्ट्रेट अनामिका, अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



सचिव उत्तराखण्ड शासन विनोद कुमार सुमन बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

# ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ ली





चमोली : योजना से वंचित रह गए आमजनों को लाभान्वित करने के लिए सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को जोशीमठ के देवग्राम व द्वींग तपोवन, कर्णप्रयाग के रतूडा, थराली के रूईसाण व बूंगा, पोखरी के सुनाउ तल्ला में कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा बैंकों सहित अन्य रेखीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी और वंचितों को योजना से जोडा। गैरसेंण के मरोडा तथा सेरेग्वाड में ब्लॉक प्रमुख शशि सौरियाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। आमजनमानस को योजनाओं की जानकारी देते हुए विभागीय योजनाओं का लाभ लेने की अपील की और ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलायी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा 250 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईया वितरित की गयी। कार्यक्रम में केसीसी के 11 आवेदन, उज्ज्वला योजना के 7, पीएम आवास के 36 तथा 8 सॉयल हैल्थ कार्ड वितरित किए गए। आगामी 21 दिसम्बर को देवाल के पदमला व सेलखोला, थराली के कौलपुडी व रतगांव गैरसेंण के झूमाखेत, बछुवावाण व धण्डियाल, नन्दानगर के खलतरा व बनला, कर्णप्रयाग के कौल्सों, बगोली व कोटी, नारायणबगड के पालछुनी व बनैला, पोखरी के काण्डईखोला व विरसनसेरा तथा जोशीमठ के किमाणा व जखोला में शिविर आयोजित कर योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। (एजेंसी)

# आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ ही शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराएं

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव–गांव जाकर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में संचालित की जा रही विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की आम जनमानस को जागरुक करने के साथ ही विभागीय जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि आमजनमानस से अपील करते हुए कहा कि वे अपना व अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ ही स्वास्थ्य शिविर में अपना स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य करायें। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. प्रवीण कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जनपद के विभिन्न गांवो में शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। कहा कि 23 नवम्बर से शुरू हुए अभियान के तहत अभी तक 828 शिविर आयोजित



किये जा चुके है। विभाग द्वारा चिकित्सा शिविरों के माध्यम से 6050 लोगों की टीबी की जांच करने के साथ ही 200 निक्षय मित्र बनाये गये हैं। एनसीडी स्क्रीनिंग के तहत 16115 लोगों की डायबिटीज व 16835 लोगों की हाइपरटेंशन की स्क्रीनिंग की गयी है। इसके साथ ही 11142 लोगों के आयुष्मान कार्ड 3077 आभा व आईडी बनायी गई है। इसके अलावा 757 लोगों की सिकिल सेल की जांच और 30 हजार लोगों की लाइफ स्टाइल चेंज को लेकर काउंसलिग की गयी। अभियान के तहत जनपद में प्रतिदिन 40 शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।

# अंडर—14, 17 और 19 में दुगड्डा ने जीते खो—खो के फाइनल मैच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के तहत कंडोलिया मैदान में वॉलीबॉल बालक वर्ग की अंडर–14, 17 और 19 आयु वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खो–खो के अंडर–14 आयु वर्ग फाइनल में दुगड्डा ने द्वारीखाल, अंडर–17 आयु वर्ग में फाइनल में दुगड्डा ने पोखड़ा, अंडर–19 आयुवर्ग फाइनल में दुगड्डा ने द्वारीखाल को हराया।

अंडर–14 आयु वर्ग के पहले सेमीफाइनल में दुगड्डा ने बीरोंखाल, दूसरे सेमीफाइनल में रिखणीखाल ने नैनीडांडा को हराया। फाइनल में रिखणीखाल ने दुगड्डा को पराजित किया। अंडर–17 आयु वर्ग में पहले सेमीफाइनल में दुगड्डा ने पौड़ी, दूसरे सेमीफाइनल में रिखणीखाल ने नैनीडांडा को हराया। फाइनल में दुगड्डा ने रिखणीखाल को हराया। अंडर–19 आयु वर्ग के सेमीफाइनल में दुगड्डा ने नैनीडांडा और रिखणीखाल ने बीरोंखाल को हराया। फाइनल में रिखणीखाल ने दुगड्डा को हराया। खो–खो के अंडर–14 आयु वर्ग के सेमीफाइनल में द्वारीखाल ने एकेश्वर को हराया। दूसरे सेमीफाइनल में दुगड्डा ने पोखड़ा को हराया। फाइनल में दुगड्डा ने द्वारीखाल को हराया। अंडर–17 आयु वर्ग में पहले सेमीफाइनल में पोखड़ा ने द्वारीखाल, दूसरे सेमीफाइनल में दुगड्डा ने एकेश्वर को हराया। फाइनल में दुगड्डा ने पोखड़ा को हराया। अंडर–19 आयुवर्ग के पहले सेमीफाइनल में दुगड्डा ने पोखडा, दूसरे सेमीफाइनल में द्वारीखाल ने पौड़ी को हराया।

## शराब पीकर वाहन न चलाएं और न ही ओवर लोडिंग करें

जयन्त प्रतिनिधि।सतपुली : मंगलवार को थाना परिसर में सिविल लाइजनिंग ग्रुप सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष दीपक तिवारी ने क्षेत्र में नशे का कारोबार करने वालो पर भी नजर रखने की बात कही। कहा कि कोई भी शराब पीकर वाहन का ना चलाए और ना ही ओवरलोडिंग करे।बैठक में पार्किंग, यातायात समस्या के साथ जनता और पुलिस के बीच सामंजस्य स्थापित करने पर विचार विमर्श किया गया। थानाध्यक्ष दीपक तिवारी ने ग्रुप सदस्यों का स्वागत करते हुए पुलिस और जनता के बीच सामंजस्य स्थापित करने पर जोर दिया। कहा कि ग्रुप का गठन इसलिए किया गया है कि जनता का सहयोग पुलिस को मिलता रहे। साथ ही कई मामलों में पुलिस आसानी से जनता की सहायता ले सके। उन्होंने क्षेत्र में नशे का कारोबार करने वालो पर भी नजर रखने की बात कही। कहा कि कोई भी शराब पीकर वाहन का ना चलाए और ना ही ओवरलोडिंग करे। इसके अलावा अतिक्रमण व कोई भी बाहर से आने वाले लोगों के सत्यापन, सड़क सुरक्षा नियम आदि विषय पर चर्चा की गई।

# विभागों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना आवश्यक



चमोली : महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली द्वारा मंगलवार को न्यायालय परिसर गोपेश्वर में विभागीय अधिकारियों के साथ संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें सिविल जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सिमरनजीत कौर ने विभागीय अधिकारियों को अधिनियम के प्रावधानों एवं कार्रवाई की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने कार्य स्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अधिनियम के तहत विभागों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना आवश्यक है।

वहीं शिकायत को 06 प्रतियों में लेकर जांच के बाद कार्रवाई की संस्तुति कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिनियम में आरोपी के दोषी पाए जाने पर अर्थदंड के साथ ही निलंबन जैसी सजा का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को विभागीय स्तर पर समितियां गठित करने एवं नियमित रूप से वार्षिक रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय को दिए जाने और अधिनियम के प्रचार-प्रसार के लिए विभागीय और अन्य स्तरों पर गोष्ठी आयोजित करने की बात कही।

इस मौके पर न्यायिक मजिस्ट्रेट चमोली पल्लवी गुप्ता, हेमलता भट्ट, ममता शैली, अनीता असवाल, उदय सिंह रावत, रचना, सोनी भंडारी, सतीश कुमार, पूनम रानी शांती तिवाड़ी, विक्रम सिंह कुंवर, अधिवक्ता ज्ञानेंद्र खंतवाल सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

(एजेंसी)


## गुमशुदा



नाम अजय कुमार कुकरेती
(मानसिक असंतुलित)
पुत्र गोविन्द प्रसाद कुकरेती
स्थान- मवाकोट, पोस्ट
मवाकोट, कोटद्वार,
पौड़ी गढ़वाल
स्थान-कोटद्वार से दिनांक 12 दिसंबर 2023
से लापता है।
कपड़े-नीला स्वेटर, भूरा लोअर, रंग-सांवला,
ऊंचाई- 5 फीट (लगभग)
**देखे जाने पर सम्पर्क करें :-**
**9411509313, 9758912109, 8267906258**

# सम्पादकीय

## पुनः सावधानी बरतने का समय

कोरोना वायरस को लेकर एक बार फिर पूरे देश में लहरे नजर आने लगी है। इस बार कोरोना का नया वेरिएंट अपना असर दिखाने के लिए पैर पसार चुका है। दक्षिण भारत के केरल में कुछ मामले प्रकाश में आ चुके हैं इसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय हरकत में आया है और उसने पूरे देश में राज्यों को एडवाइजरी जारी की है। केरल में कोरोना का नया वैरिएंट जेएन.1 मिलने के बाद उत्तराखंड भी इस एडवाइजरी के बाद हरकत में आया है और यहां स्वास्थ्य मंत्रालय ने एसओपी जारी करते हुए ऐतिहासिक कदम उठाने के दिशा निर्देशों की सूची बनाई है। नई चुनौतियां सामने आने के बाद अब यहां सबसे महत्वपूर्ण यह है कि सबसे पहले स्वास्थ्य सेवाओं को चाक चौबंद किया जाए जिससे कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में व्यवस्थाओं में आपाधापी वाली स्थिति नजर ना आए। पूर्व में कोरोना संक्रमण के दौरान जिस प्रकार की लचर व्यवस्थाएं सरकारी अस्पतालों में देखने को मिली थी उसका अनुभव आज भी कई पीड़ितों के परिवार भूल नहीं पाए हैं। कई लोगों की जान केवल अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं न मिल पाने के कारण चली गई। पहली दो कोरोना लहरों में व्यापक तौर पर आर्थिक एवं इंसानी जीवन की हानि उठानी पड़ी थी, कई लोगों के रोजगार चले गए तो काम धंधे भी चौपट हो गए। लोगों को अपने घरों तक पहुंचने में एड़ियां घिसनी पड़ी और सरकारी व्यवस्थाएं धारी की धरी रह गई। हालांकि तीसरी लहर का हिंदुस्तान में कोई अधिक असर नजर नहीं आया क्योंकि वृहद तौर पर राष्ट्रीय व्यापी टीकाकरण अभियान चलाया गया था जिसने एक सुरक्षा कवच देश के लोगों को प्रदान किया गया। अब एक बार फिर कोरोना का नया वेरिएंट देश को डरा रहा है। केरल में मामले सामने आने के बाद सरकारी एक्शन मोड में नजर आने लगे हैं हालांकि स्थिति अभी शुरुआती दौर में ही है और यदि अभी से एहतियाती कदम उठाकर सख्ती के साथ व्यवस्थाएं बनाई जाए तो स्थिति को संभाला जा सकता है। उत्तराखंड भी एडवाइजरी के बाद अलर्ट मोड पर आ गया है और यहां सभी अस्पतालों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं जिसके तहत कोई भी मामला सामने आने के बाद तत्काल जांच कराए जाने एवं अस्पतालों में वार्ड व्यवस्था पटरी पर लाने के निर्देश दिए गए हैं। यह माना जा सकता है कि आने वाले दिनों में एक बार फिर उत्तराखंड में मास्क लगाने की अनिवार्यता शुरू हो सकती है तो वहीं सोशल डिस्टेंसिंग को लेकर भी व्यवस्था हर नागरिक को बनानी होगी। कोरोना संक्रमण काल का अनुभव हर जन मानस के रग रग में एक बुरे सपने की तरह बसा हुआ है, लिहाजा अब एक बार फिर इस वायरस से लड़ना मनोबल को कमजोर भी कर सकता है। अतः यह बेहद जरूरी है कि कोरोना संक्रमण को लेकर जिस प्रकार की सावधानियां पूर्व में बढ़ती गई थी इसका एक बार पुनः अनुसरण करने का समय लगता है अब फिर आने वाला है। वहीं राज्य स्वास्थ्य विभाग को भी जांच और निगरानी बढ़ाने का काम शुरू कर देना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की स्थिति के दौरान आसानी के साथ व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा सके। एक बार पुनः सरकार एवं आम लोगों को इस बीमारी से लड़ने के लिए एकजुट होना होगा वह अपनी अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करते हुए अपने दायित्व निभाने होंगे।

# लालू, नीतीश, अखिलेश कैसे रोकेंगे मोदी का तूफान

हरिशंकर व्यास



देश के बाकि क्षत्रप नेताओं की तरह लालू प्रसाद और नीतीश कुमार, अखिलेश यादवसभी इस मुगालते में हैं कि भाजपा ने राज्यों के चुनाव में कांग्रेस को हराया है, 'इंडिया' नहीं हारी है। लालू और नीतीश का दूसरा मुगालता है कि बिहार बाकी राज्यों से अलग है, वहां नरेंद्र मोदी का जादू नहीं चलने वाला है। तीसरा मुगालता है कि जाति गणना का मुद्दा भले मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में नहीं चला हो लेकिन बिहार में चलेगा। चौथा भ्रम है कि भाजपा भले कांग्रेस को हरा ले लेकिन प्रादेशिक क्षत्रपों को हराने में उसे मुश्किल आती है। पांचवां भ्रम है कि 2015 के विधानसभा चुनाव में जैसे भाजपा को हराया था उसी तरह 2024 में भी हरा देंगे। इस तरह के और भी कई भ्रम होंगे, जिनके आधार पर राजद, जदयू, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों का दावा है कि कुछ भी हो जाए भाजपा बिहार में नहीं जीत सकती है। इसलिए दोनों पुराने क्षत्रप इस भरोसे में हैं कि उनको किसी की जरुरत नहीं है। वे अपने जाति गणना और आरक्षण बढ़ाने के मुद्दे पर भाजपा को हरा देंगे। इस वजह से दोनों प्रादेशिक क्षत्रप कांग्रेस को किनारे करने और तीन–चार सीटें देकर निपटाने की राजनीति कर रहे हैं। उनको लग रहा है कि जब राजद और जदयू साथ हैं तो किसी और की जरूरत नहीं है।

लेकिन क्या सचमुच ऐसी स्थिति है? क्या सचमुच बिहार बाकी राज्यों से अलग है या भाजपा प्रादेशिक पार्टियों को नहीं हरा सकती है? क्या 2015 के विधानसभा चुनाव की तरह ही 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा जाएगा? सबसे पहले तो लालू प्रसाद और नीतीश कुमार दोनों को यह समझना होगा कि जब लोकसभा चुनाव की बात आती है तो कोई राज्य अलग नहीं रह जाता है, खास कर उत्तर भारत में हिंदी पट्टी के राज्य। सब एक जैसी लहर में बहते हुए होते हैं। दूसरे, यह भी समझना होगा कि प्रादेशिक क्षत्रप विधानसभा चुनाव में भले भाजपा का मुकाबला कर लेते हों लेकिन लोकसभा चुनाव में मोदी और भाजपा की लहर के आगे कहीं नहीं टिकते हैं। बिहार में छह पार्टियों के गठबंधन की सरकार में शामिल पार्टियों को बिहार के आंकड़ों से ही इसे समझने की जरूरत है।

बिहार में लालू प्रसाद और नीतीश कुमार मिल कर सिर्फ एक बार 2015 में विधानसभा चुनाव लड़े थे। दोनों पार्टियां एक साथ मिल कर कभी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ी हैं। लेकिन भाजपा एक बार जदयू से अलग होकर भी लोकसभा का चुनाव लड़ चुकी है। यह अलग बात है कि उस समय जदयू और राजद का तालमेल नहीं था। तब राजद और कांग्रेस एक साथ लड़े थे, जबकि जदयू ने लेफ्ट पार्टियों के साथ तालमेल किया था। यह दोनों गठबंधन 40–40 सीटों पर लड़ा था और कुल मिला कर 43 फीसदी वोट मिले थे। जबकि भाजपा और उसके गठबंधन को 40 सीटों पर 39 फीसदी वोट मिले थे और उसने 31 सीटें जीती थीं। इसके बाद 2019 में भाजपा और जदयू मिल कर लड़े थे, जिसमें दोनों पार्टियों ने मिल कर 40 में से 39 सीटें जीत ली थीं। पहली बार यानी 2014 में लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल को 20 फीसदी और दूसरी बार यानी 2019 में सिर्फ 15 फीसदी वोट मिले थे। सोचें, राजद का दावा मुस्लिम–यादव के 30 फीसदी वोट का है लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में राजद को सिर्फ 15 फीसदी वोट मिले। जाहिर है, जब लोकसभा चुनाव की बात आती है तो लालू प्रसाद का यादव वोट टूटता है और उसका बड़ा हिस्सा भाजपा के साथ जाता है। नीतीश भी भाजपा से अलग होकर लड़े थे तो 38 सीटों पर उनको 15 फीसदी वोट मिले थे, लेकिन जब भाजपा के साथ हुए तो 2019 में 17 सीटें लड़ कर ही 21 फीसदी से ज्यादा ले आए।

सो, पहली बात तो यह समझने की है कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री चुनने के लिए मतदान करते समय जनता अलग तरह से बरताव करती है और मुख्यमंत्री चुनते समय अलग तरह से। बिहार में लोगों को पता है कि लालू प्रसाद चुनाव नहीं लड़ सकते हैं और तेजस्वी यादव को प्रधानमंत्री नहीं बनना है। नीतीश कुमार भी विपक्ष की ओर से कोई प्रधानमंत्री पद के दावेदार नहीं हैं। इसलिए बिहारी अस्मिता का दांव कितना कारगर होगा यह नहीं कहा जा सकता है। दूसरे, राजद और जदयू पहली बार एक साथ मिल कर लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे तो दोनों के बीच सीट बंटवारे को लेकर बड़ी खींचतान है। कई सीटों की अदला–बदली होनी है, जिससे जमीनी समीकरण बदलेगा, जबकि दूसरी ओर भाजपा अपने पुराने सहयोगियों के साथ लड़ेगी।

बिहार में सरकार चला रहे नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव को लग रहा है कि जाति गणना का दांव रामबाण नुस्खा है। हालांकि हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में यह मुद्दा नहीं चला और कांग्रेस को वोट नहीं दिला सका। लेकिन राजद और जदयू को लग रहा है कि चूंकि उन्होंने जाति गणना कराई है और लालू, नीतीश मंडल की राजनीति के मसीहा हैं तो उनको फायदा मिलेगा। पर मुश्किल यह है कि जाति गणना में सबसे बड़ी आबादी 36 फीसदी अत्यंत पिछड़ी जातियों की है, जिसे राजद और जदयू के राज में सत्ता नहीं मिलेगी। सबको पता है कि मुख्यमंत्री नीतीश रहेंगे और बाद में तेजस्वी बनेंगे। ध्यान रहे पिछले 33 साल से लालू परिवार से कोई मुख्यमंत्री रहा है या नीतीश रहे हैं। इन दोनों की आबादी 17 फीसदी है। इनके सिस्टम में अत्यंत पिछड़ा के लिए कोई खास जगह नहीं है। दूसरी ओर भाजपा अत्यंत पिछड़ा को चेहरा बना सकती है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अत्यंत पिछड़ा श्रेणी में आते हैं। नीतीश कुमार ऐलान कर चुके हैं कि अगली बार तेजस्वी मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे तो अति पिछड़ों और दलितों के साथ साथ सवर्ण मतदाताओं के मन में भी आशंका है।

यह भी ध्यान रखने की जरुरत है कि लोकसभा का चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों पर होगा। जनवरी में अयोध्या में राममंदिर के उद्घाटन के साथ ही हिंदुत्व का मुद्दा उभरेगा। दूसरे, भाजपा ने राष्ट्रवाद के मुद्दे को सबसे उग्र रखा है। तीसरे नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व का प्रचार होगा और जवाब में राहुल गांधी की चर्चा होगी। चौथे, लालू प्रसाद और नीतीश के पिछले 33 साल के राज में बिहार में विकास का नैरेटिव कभी नहीं रहा है, जबकि भाजपा का मुख्य मुद्दा विकास का होगा। पांचवां, भ्रष्टाचार का नैरेटिव ऐसा है, जिस पर राजद को जवाब देना भारी है। आने वाले दिनों में केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई भी तेज होगी। सो, जाति का समीकरण हो, राष्ट्रीय मुद्दा हो, हिंदुत्व का मुद्दा हो या विकास व भ्रष्टाचार का नैरेटिव हो, उनकी काट राजद और जदयू के पास नहीं है। कोई वैकल्पिक नैरेटिव दोनों के पास नहीं है सिवाए इसके कि जाति गणना करा कर आरक्षण बढ़ाया है।

# अपनी जवाबदेही से मुकरें

यह समझना कठिन है कि संसद में बहस की छोटी–सी मांग पर सरकार ने क्यों जिद्दी रुख अपना लिया है? और क्यों दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारी इतने सख्त हो गए कि 14 विपक्षी सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया?

संसद में हुई सुरक्षा चूक पर विपक्ष ने दोनों सदनों में चर्चा और फिर गृह मंत्री के बयान की मांग की है, तो इसे एक सामान्य संसदीय प्रक्रिया कहा जाएगा। आखिर संसद की सुरक्षा का भंग होना कोई छोटा मामला नहीं है। दरअसल, यह समझना कठिन है कि इतनी छोटी–सी मांग पर भी नरेंद्र मोदी सरकार ने क्यों जिद्दी रुख अपना लिया है? और क्यों दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारी इतने सख्त हो गए कि 14 विपक्षी सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया? बेशक, ऐसे कुछ पहलू हैं, जिनकी चर्चा से सत्ता पक्ष असहज हो सकता है। मसलन, वर्तमान लोकसभा के कार्यकाल में संसद परिसर की सुरक्षा संबंधी संयुक्त संसदीय समिति का गठन ना होने के तथ्य से सरकार घिरती है। आखिर ऐसी लापरवाही क्यों हुई? इसी तरह चूंकि संसद में गैस कनिस्तर के साथ घुसने वाले नौजवानों का पास एक भाजपा सांसद ने बनवाया था, तो यह भी सत्ता पक्ष को असहज करने वाला तथ्य है। जब जांच टीम ने गिरफ्तार नौजवानों पर यूएपीए लगाने का निर्णय लिया, तो उससे यह मुद्दा और गंभीर हो गया।

स्पष्टतः पुलिस मामले को आतंकवादी गतिविधि मान रही है। ऐसे में भाजपा सांसद पर ऐसी गतिविधि में सहायक बनने का इल्जाम स्वाभाविक रूप से लग जाता है। तो यह मांग वाजिब है कि उनसे उसी रूप में पूछताछ होनी चाहिए, जैसे ऐसी गतिविधियों में शामिल होने वाले किसी व्यक्ति से होती है। संभव है कि संसदीय बहस के दौरान देश में पहले से मौजूद इस शिकायत को दोहराया जाए कि भाजपा शासन काल में जुर्म और मुजरिम की परिभाषाएं बदल दी गई हैं– यह इस आधार पर तय होती है कि अपराध किसने और किसके खिलाफ किया है। इसके बावजूद सत्ता पक्ष के लिए उचित होगा कि वह इस मामले में अपनी जवाबदेही से बचने की कोशिश ना करे। बल्कि बहस होने पर दोनों सदनों में उसे ऐसे आरोपों और शिकायतों का जवाब देने का मौका मिलेगा। अगर तथ्य और तर्क उसके पक्ष मे दिखे, तो विवेकशील जनता के मन में मौजूद संदेहों का निवारण होगा।

# कांग्रेस का क्राउड–फंडिंग

भाजपा से असहमत लोग विकल्प के तौर पर कांग्रेस को नहीं, बल्कि इंडिया गठबंधन को देख रहे हैं। ऐसे में इस गठबंधन की तरफ से चंदा उगाहने की मुहिम छेड़ी जाती, तो उसका न सिर्फ प्रतीकात्मक प्रभाव होता, बल्कि कुछ सियासी असर भी हो सकता था।



कांग्रेस ने अब सीधे जनता से चंदा उगाहने का फैसला किया है। आम तौर पर राजनीति में इसे एक बेहतर रास्ता समझा जाता है। इससे पार्टियां थैलीशाहों पर निर्भर होने से बचती हैं, जबकि इस माध्यम से चंदा देने वाले लोगों से उनका जीवंत रिश्ता भी बनता है। इससे चंदा देने वालों के प्रति उनकी एक न्यूनतम जिम्मेदारी बनने की संभावना भी जगती है। दुनिया भर में चुनावी लोकतंत्र पर थैलीशाहों का शिकंजा कस गया है, जिससे ये व्यवस्थाएं धनिक–तंत्र में तब्दील हो गई हैं। अमेरिका में 2016 में जब बर्नी सैंडर्स डेमोक्रेटिक पार्टी का राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की होड़ में उतरे, तो उन्होंने छोटे चंदों को अपने अभियान की खास पहचान बताया। उनकी टीम ने तब एलान किया था कि सैंडर्स को लाखों छोटे चंदे मिले और उस रकम का औसत सिर्फ 18 डॉलर था। यह दीगर बात है कि सैंडर्स की व्यापक लोकप्रियता के बावजूद अंततः थैलीशाहों और उनके लॉबिस्ट्स ने उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार नहीं बनने दिया।

बहरहाल, अब भारत में कांग्रेस ने इस मॉडल को अपनाने का फैसला किया है, तो सामान्य स्थितियों में इसका स्वागत किया जाता। लेकिन अब आम चुनाव में सिर्फ चार महीने बचे हैं। इस समय भाजपा से असहमत लोग विकल्प के तौर पर कांग्रेस को नहीं, बल्कि इंडिया गठबंधन को देख रहे हैं। ऐसे में अगर इस गठबंधन की तरफ से चंदा उगाहने की मुहिम छेड़ी जाती, तो उसका न सिर्फ प्रतीकात्मक प्रभाव होता, बल्कि कुछ सियासी असर भी देखने को मिल सकता था। परंतु कांग्रेस ने फिर अकेला चलने का नजरिया अपनाया है। हाल के विधानसभा चुनावों में यह नजरिया नाकाम रहा। इसके बावजूद लगता नहीं कि कांग्रेस नेतृत्व ने कोई सबक सीखा है। वरना, वह खुद को विपक्षी एकता के हिस्से के रूप में पेश करती। तब वह 19 दिसंबर की इंडिया की बैठक में क्राउड–फंडिंग का प्रस्ताव लाती और सहमति बनने पर यह मुहिम पूरे गठबंधन की तरफ से शुरू की जाती। इससे भाजपा विरोधी समूहों में उत्साह पैदा होता और उनके बीच उद्देश्य की एकता भी उत्पन्न होती। मगर कांग्रेस की सोच अलग है। वह अपने हितों से आगे नहीं देख पाती।

## बंधकों की रिहाई पर इजरायल और हमास की मध्यस्थता वार्ता रूकी

**तेल अवीव , एजेंसी।** कतर और मिस्र द्वारा शुरू की गई इजरायल और हमास के बीच मध्यस्थता वार्ता में रुकावट आ गई है। दोनों युद्धरत पक्षों ने एक–दूसरे द्वारा रखी गई मांगों पर सहमत होने से इनकार कर दिया है। मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया की वारसॉ में सीआईए निदेशक विलियम बर्न्स और कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात के बाद भी बातचीत आगे नहीं बढ़ी है।

इजरायली सरकार के सूत्रों ने बताया कि आतंकवादी समूह ने एक शर्त रखी है कि यहूदी राष्ट्र की सेना पूर्व निर्धारित सीमा पर लौट जाए। हमास ने कहा था कि जब तक इजराइली सेना गाजा पट्टी में अपने चल रहे जमीनी हमले को बंद नहीं कर देती, तब तक वह किसी भी बंधक को रिहा करने पर वह सहमत नहीं होगा, एक ऐसी शर्त, जिसे इजराइली रक्षा बल सहमत नहीं हुए। सूत्र के अनुसार, इजरायल हमास द्वारा कैद से रिहा किए जाने वाले बंधकों को चुनने के विचार के लिए खुला है। 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक गाजा में युद्धविराम के दौरान, इजरायल ने अपने बंधकों को रिहा करने के लिए चुना था। सरकारी सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि आगे की मध्यस्थता वार्ता तभी शुरू होगी जब दोनों पक्षों द्वारा सामने रखे गए मतभेदों को ठीक से संबोधित किया जाएगा, कतर और मिस्र दोनों इसे दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। युद्ध विराम के दौरान, 86 इजरायली और 24 विदेशी नागरिक बंधकों को रिहा किया गया था।

## युवती को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म के तीन आरोपियों पर कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

देहरादून। युवती को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म के तीन आरोपियों के खिलाफ पीड़िता की सीधी शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है। उसने मामले को लेकर कोर्ट में अपील की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कैंट थाना क्षेत्र निवासी युवती ने कोर्ट में अपील की। कहा कि जून 2021 में उसकी मुलाकात मैक्स अस्पताल परिसर में अनिल निवासी आत्मानगर भिवानी रोड, जींद हरियाणा से हुई। दोनों के बीच बातचीत होने लगी। आरोपी ने पीड़िता से शादी का झांसा दिया। आरोप है कि इसके बाद अलग–अलग होटलों में ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस बीच एक दिन पीड़िता आरोपी के साथ उसकी कार में कार में थी। कार में मोबाइल छोड़कर आरोपी दुकान पर चला गया। तब आरोपी अनिल के फोन पर एक फोन आया। पीड़िता ने उठाया तो सामने से एक महिला बोली। उसने खुद को अनिल की पत्नी बताया। कहा कि उनकी बेटी भी है। तब पीड़िता को आघात लगा। आरोप है कि इसके बाद अनिल उसकी निजी पलों की वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। इस बीच पीड़िता को एक अनजान नंबर से वीडियो कॉल आई। उसने अपना नाम जयवीर निवासी निडानी जींद बताया। आरोप है कि उसने पीड़िता को कहा उसकी अश्लील वीडियो अनिल ने उसे दी है। जिसे पीड़िता को भेजते हुए जबरन मिलने बुलाया और दुष्कर्म किया। आरोप है कि इसके कुछ समय बाद अनिल के एक अन्य परिचित अजय निवासी निडानी जींद हरियाणा ने भी ऐसा किया।

## बेरोजगारों ने की पुलिस भर्ती की वेटिंग लिस्ट जारी करनी की मांग

देहरादून। बेरोजगारों ने हाल में हुई पुलिस कांस्टेबल भर्ती में वेटिंग लिस्ट जारी करने की मांग की है। उन्होंने कांस्टेबल भर्ती में आयु सीमा बढ़ाने की भी मांग की। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल इन मांगों को लेकर मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में आईजी कार्मिक विम्मी सचदेवा से मिला। संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने कहा कि साल 2022 में फायरमैन के 445 पदों पर भर्ती निकली थी।

# दहल उठी दिल्लीः नौ साल की बच्ची को अगवा कर दुष्कर्म, हत्या कर शव नहर में फेंका, सीसीटीवी में कैद हुआ 'शैतान'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में 52 साल के मकान मालिक ने किराएदार की नौ साल की बेटी को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म किया और पकड़े जाने के डर से उसकी हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया। बच्ची को कार से ले जाते समय आरोपी सीसीटीवी में कैद हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है। जुर्म कबूलने के बाद पुलिस गोताखोरों की मदद से नहर से बच्ची के शव की तलाश में जुटी हुई है।



मृत बच्ची अपने माता पिता के साथ स्वरूप नगर इलाके में किराए के मकान में रहती थी। वह सरकारी स्कूल की चौथी कक्षा में पढ़ती थी। उसके माता–पिता इलाके में स्थित फैक्टरी में काम करते हैं। 12 दिसंबर को परिजन फैक्टरी से घर पहुंचे। उनकी बेटी घर से गायब थी। काफी तलाश करने के बाद बच्ची के नहीं मिलने पर परिजनों ने स्वरूप नगर थाने में उसकी गुमशुदगी की शिकायत की। पुलिस ने शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर लिया। छानबीन के दौरान पुलिस ने घर के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। पुलिस को एक फुटेज मिला, जिसमें 12 दिसंबर की दोपहर दो बजे मकान मालिक को एक गोदाम के पास बच्ची को अपनी कार पर बिठाकर ले जाते हुए देखा गया।

शक के आधार पर पुलिस 15 दिसंबर को मकान मालिक को हिरासत में लेने के लिए उसके घर पर दबिश दी।

पता चला कि मकान मालिक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसका रोहिणी स्थित एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। वह बयान देने की स्थिति में नहीं था। 17 दिसंबर को पुलिस ने अस्पताल में मकान मालिक से पूछताछ की। शुरुआती पूछताछ में उसने बच्ची को अगवा कर दुष्कर्म करने और फिर उसकी हत्या कर शव को मूनक नहर में फेंकने की बात कबूल कर ली।

पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या और साक्ष्य छुपाने का धारा जोड़ कर उसे गिरफ्तार कर लिया। 17 दिसंबर से पुलिस तकनीकी जांच कर आरोपी के घटना वाले दिन का लोकेशन का पता लगाया। उसके बाद से पुलिस पांच गोताखोरों की मदद से नहर में शव की बरामदगी का प्रयास कर रही है। मंगलवार को गोताखोर खजूरी इलाके में नहर में शव की तलाश कर रहे हैं। अभी तक उसका शव बरामद नहीं हुआ है।

नौ साल की बच्ची से बर्बरता करने वाले मकान मालिक की गर्दन सड़क हादसे में टूट गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 15 दिसंबर को वह किसी काम से अपनी स्कूटी से अलीपुर के लामपुर गया था। जहां उसकी स्कूटी एक कंटेनर में घुस गई। उसे गंभीर चोट लगी। घायल आरोपी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी गर्दन टूट गई थी। वह दो दिनों तक अस्पताल में बेहोश रहा और उसका गहन चिकित्सा कक्ष में इलाज चल रहा था। इस दौरान मामले की जांच के दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिली। जिसमें उसे बच्ची को कार में बिठाकर ले जा रहा था। पुलिस को आशंका है कि घुमाने के बहाने आरोपी बच्ची को अपनी कार में बिठाया और बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद शाम 6.30 बजे बच्ची को मूनक नहर में फेंक दिया। वह रात 7.30 बजे घर आ गया।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसे घटना को लेकर आत्मग्लानि हो रही है। उसने बताया कि इसकी सजा उसे मिल गई। जिस तरह से वह सड़क हादसे में घायल हुआ है, उसमें उसके बचने की कोई उम्मीद नहीं थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी शादीशुदा है और उसके दो बेटे और एक बेटी है। उसकी बेटी की शादी हो चुकी है। इलाके में उसके तीन चार मकान हैं। जिससे वह किराए लेता है। साथ ही उसके खेती योग्य भूमि भी है।

घटना से परिवार और आस पास के लोग काफी आक्रोशित हैं। मंगलवार को लोगों ने सड़क जाम कर आरोपी को फांसी देने की मांग की। लोगों का कहना है कि पुलिस को पूरे मामले की गंभीरता से जांच करनी चाहिए और पता लगाना चाहिए कि आरोपी ने पहले भी तो इस तरह की वारदात को अंजाम तो नहीं दिया है। प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत करवाया और मामले की गंभीरता से जांच होने की बात कहने पर लोग वहां से हट गए।

# अब तक 141 एमपी सस्पेंड, कांग्रेस के शशि थरूर, डिंपल यादव, एनसीपी से सुप्रिया सुले शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में सुरक्षा के मुद्दे पर सदन में भारी हंगामा करने वाले विपक्ष के 49 सांसदों को शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया और कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सुप्रिया सुले, फारूक अब्दुल्ला, शशि थरूर, कार्ति चिदंबरम, डिंपल यादव, एस. टी हसन, दानिश अली और मनीष तिवारी सहित कुल 49 सांसदों को निलंबित किया गया है। दो बार के स्थगन के बाद साढ़े बारह बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने हंगामा कर रहे कांग्रेस समेत विपक्षी सदस्यों का नाम लिया।

उसके बाद संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रिया सुले, फारूक अब्दुल्ला, शशि थरूर, कार्ति चिदंबरम, डिंपल यादव, एस. टी हसन, दानिश अली और मनीष तिवारी सहित 49 सांसदों का नाम लिया और निलंबन का प्रस्ताव पारित हो गया। इससे एक बार स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही साढ़े बारह बजे शुरू होते ही विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने हंगामा कर रहे सदस्यों को शांत रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि तख्तियाँ दिखाना उचित नहीं है।



हंगामा नहीं रुकने पर सदन को लोकसभा की कार्यवाही बारह बजकर 30 मिनट तक स्थगित कर दी गई। मंगलवार को सदन समवेत होते ही विपक्षी सदस्य हाथों में तख्तियां लेकर, नारे लगाते हुए और प्रधानमंत्री का फोटो लहराते हुए आसन के सामने आ गए और नारेबाजी करते हुए हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच ही प्रश्नकाल चलाने का अध्यक्ष ने प्रयास किया लेकिन सदस्य जोर–जोर से नारे लगाने लगे। अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों को हंगामा नहीं करने और नियमों से सदन की कार्यवाही चलते रहने का आग्रह किया लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। उन्होंने कहा यह सदन आपका है। सदन नियम और परिपाटी से चलता है।

नियम आपने ही बनाए हैं। आपने भी कहा था कि सदन में तख्तियां लेकर नहीं आना है। तख्तियां लेकर आएंगे तो सदन नहीं चलेगा। मैं किसी सदस्य के खिलाफ करवाई नहीं करना चाहता हूं लेकिन सदन में मर्यादा बनाए रखना जरुरी है, क्योंकि सदन नियम और व्यवस्था से ही चलता है। पूरा देश सदन की कार्यवाही देख रहा है। देश का यह सर्वोच्च लोकप्रिय सदन है लेकिन आप सदन की मर्यादा को तोड़ रहे हैं, नियम से सदन को नहीं चलने दे रहे है और व्यवस्था तथा परंपरा को तोड़ रहे हैं इसलिए आपको अंतिम चेतावनी दे रहा हूं कि आसन के सामने कोई सदस्य तख्तियां लेकर नहीं आए।

संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि सदस्य सदन में प्रधानमंत्री की तस्वीर लेकर जिस तरह से व्यवहार कर रहे हैं वह अमर्यादित और निंदनीय है। सदन में सदस्यों का यह व्यवहार उचित नहीं है। श्री बिरला ने हंगामे के बीच सदन चलाने का प्रयास किया लेकिन उनकी बात किसी ने नहीं सुनी और उन्होंने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी।

## धनखड़ बोले– मेरा अपमान कर रही कांग्रेस, सोशल मीडिया पर की जा रही आपत्तिजनक टिप्पणियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को सदन में कहा कि कांग्रेस उनका अपमान कर रही है और पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया एकाउंट से उन पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही हैं। धनखड़ ने भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरु करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम को संबोधित करते हुए कहा, " इंस्टाग्राम पर, श्रीमान चिदम्बरम, आपकी पार्टी ने एक वीडियो डाला था जिसे बाद में हटा लिया गया, यह शर्मनाक है। आपने मुझे अपमानित करने, मेरा अपमान करने, एक किसान के रूप में मेरी पृष्ठभूमि का अपमान करने, एक जाट के रूप में मेरे पद का अपमान करने, सभापति के रूप में मेरे पद का अपमान करने के लिए (कांग्रेस) पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता के ट्विटर हैंडल का इस्तेमाल किया गया।"

विपक्षी शोर शराबे के बीच सभापति ने कहा, " मैंने सदन स्थगित कर दिया है। लोगों के मन में इस संस्था के ख़िलाफ़ किस तरह की प्रतिक्रिया है, इसका अंदाज़ा आपको नहीं है और आज हमें इसका सबसे निचला स्तर देखने का मौक़ा मिला।

## चीन में आए 6.2 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने मचाई भारी तबाही, अब तक 111 लोगों की मौत

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के गांसु प्रांत में सोमवार देर रात को आए 6.2 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। भूकंप के चलते 111 लोगों की मलबे में दबने से मौत हो गई है, जबकि 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार भूकंप सोमवार देर रात 11 बजकर 59 मिनट पर आया। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर गहराई में स्थित था। भूकंप इतना शक्तिशाली था कि कई इमारतें जमींदोज हो गईं। लोग जान बचाने के लिए घरों से बाहर निकल आए। भूकंप से अब तक 111 लोगों की मौत हो गई है जबकि कई लोग अभी भी मलबे में दबे हैं। मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने लोगों से शांति बनाए रखने और सहयोग की अपील की है।

# पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ने बनाई गवर्निंग बॉडी, सर्वेश तिवारी अध्यक्ष, विपिन खरबंदा उपाध्यक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पब्लिक रिलेशंस सोसायटी दिल्ली (पीआरएसडी) ने सोसायटी की वार्षिक आम बैठक के दौरान अपनी नवनिर्वाचित गवर्निंग बॉडी की घोषणा की। दो दशकों से अधिक के अनुभव वाले संचार और पीआर अनुभवी सर्वेश तिवारी को पीआरएसडी के अध्यक्ष के रूप निर्विरोध चुना गया है।



सरकार और कारपोरेट क्षेत्र में जनसंपर्क के क्षेत्र में एक शानदार करियर के साथ तिवारी पीआरएसडी की रणनीतिक दिशा का मार्गदर्शन करने के लिए प्रचुर अनुभव और विशेषज्ञता के धनी हैं। वह देश की अग्रणी एकीकृत संचार फर्म पीआर प्रोफेशनल्स के संस्थापक और प्रबंध निदेशक हैं। दिव्य हिमाचल मीडिया ग्रुप में मार्केटिंग उपाध्यक्ष विपिन खरबंदा को बॉडी के उपाध्यक्ष की भूमिका दी गई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के पूर्व महाप्रबंधक (पीआर), और वरिष्ठ जनसम्पर्क विशेषज्ञ गुरमुख सिंह बावा सोसायटी के सचिव के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वह इससे पहले भी सोसायटी के सचिव के रूप में सम्बद्ध रहे है।

बावा का गहन अनुभव, अंतर्दृष्टि और समर्पण सोसायटी की अभिनव पहल को एक नई दिशा देगा। क्रिटिकल कम्युनिकेशंस के युवा निदेशक संचित शर्मा को संयुक्त सचिव के रूप में चुना गया है। आरईसी की पूर्व महाप्रबंधक (संचार) रमा विजय को कोषाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया है। वह प्रबंधकीय कुशलता और संचार में दक्षता पीआरएसडी के वित्तीय नेतृत्व को मजबूत करने के लिए तैयार है। पीआरएसडी के निवर्तमान अध्यक्ष एवं पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) के मुख्य महाप्रबंधक, एसएस राव ने सर्वेश तिवारी और नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए कहा की मुझे यकीन है कि वे पीआरएसडी का झंडा ऊंचा रखेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सर्वेश तिवारी ने वार्षिक आम बैठक के दौरान पीआरएसडी टीम के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया और सदस्यों से अपने सुझाव साझा करने का अनुरोध किया।

# नवीन उल हक आईएलटी20 से 20 महीने के लिए बैन



दुबई ,अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन उल हक को शारजाह वॉरियर्स के साथ अपने प्लेयर एग्रीमेंट का उल्लंघन करने के लिए यूएई की इंटरनेशनल लीग टी20 से 20 महीने के लिए बैन कर दिया गया है।

दूसरे सीजन् से पहले नवीन को नौ मैचों में 24.36 की औसत से 11 विकेट लेने के बाद टीम द्वारा रिटेंशन नोटिस दिया गया था।

हालांकि, नवीन ने इस पर साइन करने से इनकार कर दिया। समस्या हल करने का प्रयास करने के लिए शारजाह वारियर्स इंटरनेशनल लीग टी20 तक गए।

नवीन ने जब नोटिस पर साइन करने से मना कर दिया, तब टीम ने लीग के अधिकारियों से संपर्क किया। इंटरनेशनल लीग टी20 ने नवीन से बातचीत करने की कोशिश की लेकिन दोनों के बीच कोई हल नहीं निकला।लीग की डिसिप्लिनरी कमेटी में चीफ एक्जिक्यूटीव डेविड व्हाइट, सिक्योरिटी और एन्टी-करप्शन प्रमुख कर्नल आजम और एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के सदस्य जायद अब्बास शामिल थे। इस कमेटी ने वॉरियर्स और नवीन दोनों की बात सुनी और सबूतों की जांच की।

फिर, लीग की तीन सदस्यीय अनुशासन समिति जिसमें लीग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट, सुरक्षा प्रमुख और भ्रष्टाचार विरोधी आजम और सदस्य अमीरात क्रिकेट बोर्ड जायद अब्बास शामिल थे, ने दोनों पक्षों यानी नवीन और शारजाह वारियर्स को अलग से सुना। सबूतों की जांच के बाद पैनल ने नवीन पर 20 महीने के प्रतिबंध का फैसला सुनाया।

लीग के चीफ एक्जिक्यूटीव डेविड व्हाइट ने कहा, हमें यह घोषणा करने में गर्व नहीं है लेकिन सभी पक्षों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी अनुबंध संबंधी प्रतिबद्धताओं का पालन करें और यह पहचानें कि गैर-अनुपालन से दूसरे पक्ष को नुकसान हो सकता है। दुर्भाग्य से नवीन शारजाह वॉरियर्स के साथ अपने अनुबंध संबंधी दायित्वों का पालन करने में विफल रहे और ऐसे में लीग के पास उन पर 20 महीने का प्रतिबंध लगाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

नवीन का प्रतिबंध अगस्त 2025 तक रहेगा, जिसके कारण वह लीग के अगले दो सीजन् से चूक जाएंगे।

## एसए20 के जरिए भारतीय फैंस के साथ रिश्ता मजबूत करना है : ग्रीम स्मिथ



नई दिल्ली , एसए20 लीग कमिश्नर और पूर्व प्रोटियाज कप्तान ग्रीम स्मिथ ने भारतीय क्रिकेट दर्शकों से जुड़ने के लिए लीग की आकांक्षाओं और इस रिश्ते में डिजिटल जुड़ाव के रणनीतिक जोर पर अपने विचार साझा किए। ग्रीम स्मिथ ने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के खेल के प्रति जुनून की सराहना की। स्मिथ ने कहा, भारतीय प्रशंसक हमेशा क्रिकेट के प्रति जुनूनी रहे हैं।

एसए20 शाम के मनोरंजन के लिए बेस्ट होगा, जहां हर कोई अपने परिवार के साथ इस खेल का लुत्फ उठा सकता है। ऐसे कई भारतीय प्रशंसक हैं, जो अभी भी दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के सुनहरे दिनों को याद करते हैं और हम चाहते हैं कि प्रशंसक उस पुरानी यादों को पुनर्जीवित करें। उन्होंने एसए20 के लिए एक रणनीतिक उद्देश्य के बारे में भी बात की। स्मिथ ने कहा, हमारा उद्देश्य एसए20 को नए क्षेत्रों में विकसित करना है। उन क्रिकेट प्रशंसकों का दिल जीतना है, जो एक रोमांचक टी20 अनुभव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। लीग अपनी डिजिटल उपस्थिति पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए तैयार है।

लीग का दूसरा सीजन 20 जनवरी को सनराइजर्स ईस्टर्न केप और जॉबर्ग सुपर किंग्स के बीच गकेबरहा के सेंट जॉर्ज पार्क में भिड़ंत के साथ शुरू होगा।

## मानसी जोशी ने जीता गोल्ड, प्रमोद भगत ने जीते 2 सिल्वर



दुबई , विश्व पैरा-बैडमिंटन नंबर 2 रैंक वाली मानसी जोशी और थुलासिमथी मुरुगेसन की जोड़ी ने महिला युगल एसएल3-एसयू5 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि पैरा एशियाई स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद भगत ने हाल में संपन्न 5वें दुबई पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2023 में दो रजत पदक हासिल किए।

जोशी और मुरुगेसन की जोड़ी ने इंडोनेशिया की लीनी रात्रि ओक्टिला और खलीमातुस सादिया की जोड़ी को 15-21, 21-14 और 21-6 से हराया। भारत द्वारा रविवार को खेले गए छह फाइनल में से यह जोड़ी एकमात्र विजेता बनकर उभरी।

पुरुष एकल एसएल 3 वर्ग में प्रमोद फाइनल में इंग्लैंड के डैनियल बेथेल से हार गए। डेनियल ने दोनों गेम के अंत में 21-17, 21-18 के स्कोर के साथ फिनिश लाइन को पार करने के लिए धैर्य बनाए रखा।

मिश्रित युगल एसएल3 और एसयू 5 वर्ग में प्रमोद और मनीषा रामदास फाइनल में इंडोनेशिया के हिकमत रामदानी और लीनी रात्रि ओकटीला 21-14 और 21-11 से हार गए।

भारत ने मिश्रित युगल एसएल 3 और एसयू 5 में कुमार नितेश और थुलासिमथी मुरुगेसन के साथ कांस्य पदक भी हासिल किया।पुरुष एकल एसएल 4 वर्ग में सुहास यतिराज ने रजत पदक जीता, जबकि सुकांत कदमा और तरुण ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, पलक कोहली ने महिला एकल एसएल 4 में कांस्य पदक हासिल किया।

पुरुष युगल एसएल 3- एसएल 4 वर्ग में मनोज सरकार और उनके कोरियाई साथी चॉ नादान ने रजत पदक जीता, जबकि कुमार नितेश और तरुण ने कांस्य पदक हासिल किया।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

मेलबर्न ,ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में पाकिस्तान के खिलाफ आगामी बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए अपनी 13 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें अनकैप्ड पेसर लांस मॉरिस घरेलू टी20 के लिए घर लौटने के लिए बाहर हो गए हैं।

बॉक्सिंग टेस्ट 26 से 30 दिसंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होने वाला है।

मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेताओं ने प्रतिष्ठित एमसीजी टेस्ट मैच के लिए अपने प्लेइंग ग्रुप को 14 से घटाकर 13 करने का विकल्प चुना, जिसमें मॉरिस को बाहर करना पर्थ में पाकिस्तान पर उनकी जीत के बाद टीम में एकमात्र बदलाव था।

मॉरिस को पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद बीबीएल में खेलने के लिए टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया गया है।

पर्थ में शुरुआती मैच में पाकिस्तान पर 360 रनों की जीत से ऑस्ट्रेलिया के फ्रंट-लाइन आक्रमण ने अच्छी तरह से सुधार किया है, जिससे संभावना बढ़ गई है कि वे एमसीजी टेस्ट के लिए उसी प्लेइंग-11 के साथ मैदान में उतरें।

मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, लांस मॉरिस को मेलबर्न मैच के लिए रिलीज कर दिया गया है, लेकिन वह टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार रहेंगे, क्योंकि मौका मिलने पर वह गर्मियों के लिए हमारी योजनाओं में मजबूती से शामिल रहेंगे।

इसका मतलब है कि मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और कप्तान पैट कमिंस की



अनुभवी तिकड़ी मेलबर्न में नई गेंद की जिम्मेदारी साझा कर सकती है, जबकि स्थानीय तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड 13-खिलाड़ियों के समूह में एकमात्र अन्य सीम विकल्प बचे हैं।

ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन टीम में अपनी जगह बनाए रखने की दौड़ में बने हुए हैं, लेकिन कमिंस का मानना है कि पर्थ में इतना प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाली टीम में कोई भी बदलाव करना मुश्किल होगा।

स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के दौरान चोट लगी उंगली में किसी भी गंभीर क्षति से मुक्त कर दिया गया है और उम्मीद है कि मेलबर्न में टीम में उनकी जगह बरकरार रहेगी।

ऑस्ट्रेलिया टीमः पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, स्टीव स्मिथ, मिच स्टार्क, डेविड वार्नर।

# भारत के लिए ड्रीम डेब्यू से खुश हैं साई सुदर्शन

जोहान्सबर्ग ,आईपीएल 2023 और इमर्जिंग मेन्स एशिया कप जैसी प्रतियोगिताओं में अपने प्रदर्शन के दम पर साईं सुदर्शन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा। इस बांए हाथ के बल्लेबाज ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे डेब्यू किया और 55 रन बनाकर नाबाद रहे।

बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में साई सुदर्शन ने कहा, यह बेहद शानदार था क्योंकि एक युवा खिलाड़ी के रूप में हर कोई देश के लिए खेलना चाहता है। टीम की जीत में अपना योगदान देना और देश के लिए ट्रॉफियां जीतना हर किसी का सपना है। इसलिए, मैं अपने प्रदर्शन से खुश था और यह एक बहुत ही खूबसूरत एहसास है।एक संस्कृति जो मुझे पसंद है, वह है डेब्यू कैप मिलना जिसे मैं तमिलनाडु के दिनों से देखना पसंद करता हूं। राष्ट्रगान के दौरान मैं थोड़ा भावुक था। यह एक शानदार एहसास है और मैंने इसका आनंद लिया।



117 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए, साईं सुदर्शन ने एक बेहतरीन कवर ड्राइव के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ी और अपने पहले वनडे मैच में चौके के साथ अपना खाता खोला।

इतना ही नहीं सुदर्शन ने स्पिनरों के खिलाफ अपने फुटवर्क का इस्तेमाल करने के तरीके से प्रभावित करना जारी रखा। उन्होंने 41 गेंदों पर नाबाद 55 रन बनाए, जबकि श्रेयस अय्यर के साथ 88 रन की साझेदारी की, जिन्होंने 52 रन बनाए।

साईं सुदर्शन को वनडे टीम में शामिल होने से पहले दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ भारत 'ए' के लिए चार दिवसीय रेड-बॉल मैच खेलने के अनुभव से भी मदद मिली।

उन्होंने कहा, मैंने बस इस बार में जितना संभव हो सके उतनी जानकारी इकट्ठा करने की कोशिश की। मुझे एहसास था कि दक्षिण अफ्रीका में हालात कैसे होंगे। मैंने यहां आने से पहले भारत 'ए' मैच खेला था, इसलिए इससे मुझे परिस्थितियों से तालमेल बिठाने में मदद मिली।साईं सुदर्शन चेन्नई स्थित एक परिवार से आते हैं, जिसका खेल से जुड़ाव है। उनके पिता आर. भारद्वाज ने 1993 में ढाका में हुए सैफ गेम्स में 100 मीटर स्प्रिंटिंग स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।उनकी मां उषा भारद्वाज वॉलीबॉल खिलाड़ी रही हैं और अब वो अपने बेटे की स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग ट्रेनर हैं। उषा को दिनेश कार्तिक, दीपिका पल्लीकल, जोशना चिनप्पा और अभिनव मुकुंद जैसे अन्य खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए भी जाना जाता है।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

-सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com